**Code No. 03**

Total No. of Questions : 51 ]

Total No. of Printed Pages : 7 ]

**March, 2010**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes ] [ Max. Marks : 100

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है ।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1) सफेद बाल उखाड़ने के लिए नौकर को किसने रखा था ?

2) गुरुदेव का चिता भस्म आश्रम में कहाँ से लाया गया था ?

3) सुबेदारनी कौन थी ?

4) पेड़ पर क्या लटक रहा था ?

5) कुत्ते की देह से क्या आ रही थी ?

6) नीलांबिका के पुत्र का नाम क्या था ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $3 \times 3 = 9$

7) लेखक ने चाँदनी चौक का वर्णन किस प्रकार किया है ?

8) एड्स रोग के बड़े किस्म के लक्षणों का परिचय दीजिए ।

9) पूस की रात के जाड़े में ठिठुरते हुए हल्कू और जबरा की स्थिति का वर्णन कीजिए ।

10) लेखक ने वापस सोनारी के डाक बंगले पहुँचने पर क्या-क्या पाया ?

11) बसवेश्वर के जीवन काल के बारे में लिखिए ।

[ Turn over

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) ''लैला की उँगलियाँ ले लो ... मजनू की पसलियाँ ले लो ।''

13) ''ये लोग यहाँ कैसे आ गये जी ?''

14) रात की ठंड में यहाँ सोना तो न पड़ेगा ?

15) तुम्हें अपने कर्मों का फल स्वयं भुगतना होगा ।

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) बुढ़ापे से हार मानकर यौवन का ढोंग रचते हैं ।

17) 'तेरी कुडमाई हो गई ?'

18) 'इसके जीवन में कहाँ गाँठ पड़ी है, यही सोच रहा हूँ ।'

19) 'युवावस्था में किसी को विधवा बनाना युगधर्म नहीं है ।'

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) कबीर ने क्या देखा है ?

21) तुलसीदास के अनुसार भरत किनके लिए दुर्लभ हैं ?

22) राधा किसे संदेश भेजती है ?

23) मानव जीवन में किसका आगमन हुआ है ?

24) घर की लक्ष्मी रोती है तो गरीब क्या करता है ?

25) कवि का गीत क्या-क्या भगाता है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

26) हरि स्मरण के बारे में कबीर ने क्या कहा है ?

27) यशोधरा अपनी मनोव्यथा किस प्रकार व्यक्त करती है ?

28) प्रियतम से मिलने की कवयित्री की बेचैनी का परिचय दीजिए ।

29) कवि ने अपनी पुस्तक रूपी मधुशाला का वर्णन किस प्रकार किया है ?

इ) निम्नलिखित के ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 × 4 = 8

30) बने बिसाल अति लोचन लोल ।
चितै-चितै हरि चारु विलोकनि मानौ, माँगत हैं मन ओल ।
अधर अनूप, नासिका सुंदर, कुंडल ललित सुदेस कपोल ।
मुख मुसक्यात महा छबि लागति, स्रवन सुनत सुठि मीठे बोल ।
चितवत रहतिं चकोर चंद ज्यौं नैंकु न पलक लगावत डोल ।
सूरदास प्रभु कैं बस ऐसे, दासी सकल भई बिनु मोल ॥

**अथवा**

पग बांध घुंघरयाँ णाच्यारी ॥ टेक ॥
लोग कह्याँ मीराँ बावरी, सासु कह्याँ कुलनासी, रीं ।
विष रो प्यालो राणा भेज्याँ, पीवाँ मीराँ हाँसा री ।
तण मण वार्‍याँ हरि चरणमाँ, दरसण अमरित प्यास्याँ री ।
मीराँ रे प्रभु गिरिधर नागर, थारी सरणाँ आस्याँ री ॥

31) जो चित्रों में विरह-विधुरा का मिले चित्र कोई ।
तो जा जाके निकट उसको भाव से यों हिलाना ।
प्यारे हो के चकित जिससे चित्र की ओर देखें ।
आशा है यों सुरति उनको हो सकेगी हमारी ॥

**अथवा**

जब तक कोई कंगाल रहे
तब तक है संचय शाप घना ।
जब तक कोई भी आह भरे
तब तक है गीतालाप मना ॥

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** शब्द, वाक्यांश या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

32) गोपीचंद के पिता किस रोग से पीड़ित थे ?

33) जवार गाँव के नामी पहलवान का नाम क्या था ?

34) मटरू किस गाँव का नामी पहलवान था ?

35) कारिंदे के गाँव का नाम क्या था ?

36) मटरू ने किसके सामने अपनी कहानी सुनाई ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) गोपीचंद और मानिकचंद की ताकत का वर्णन कीजिए ।

38) भाभी अपनी बहन की सेवा किस प्रकार करती थी ?

39) मटरू ने किसानों को किस प्रकार समझाया ?

40) भाभी की दयनीय स्थिति देखकर हलवाहे ने क्या कहा ?

V. अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

41) i) वहाँ कोई दुर्घटना हुआ क्या ?

ii) इज्जत की सवाल था ।

iii) सोनारी एक छोटीसी गाँव है ।

iv) यात्रा करने का कई तरीके हैं ।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारकों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : $4 \times 1 = 4$

( में, का, पर, की )

42) i) सिर ………………… सफेद कफन बुना जा रहा है ।

ii) आइने ………………… क्या दोष ?

iii) बाल .................. जड़ बहुत गहरी नहीं होती ।

iv) हम नींव ………………… धंस रहे हैं ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : $4 \times 1 = 4$

43) i) मीरा आम खाती है । ( वाच्य बदलिए )

ii) बूढ़ा नहीं रोता । ( वाच्य बदलिए )

iii) प्रवीण मुझे पुस्तक देता है । ( भविष्यत् काल में बदलिए )

iv) रात में पसीना छूटता था । ( वर्तमान काल में बदलिए )

ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के अनुसार जोड़कर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44) i) | आँचल पसारना | a) | नमस्कार करना |
| ii) | तरस खाना | b) | आश्चर्य चकित होना |
| iii) | मत्था टेकना | c) | दया करना |
| iv) | दाँतों तले उंगली दबाना | d) | भीख माँगना । |

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

45) आदमी, घोड़ा ।

ऊ) निम्न के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

46) दुकान, लड़ाई ।

VI. निम्नलिखित अनुच्छेद का सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 1 × 5 = 5

47) धन का व्यय विलास में करने से केवल क्षणिक आनंद की प्राप्ति होती है । यह धन का दुरुपयोग है । असली बात यह है कि धन का सदुपयोग सुख और शांति देता है । धन के द्वारा जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य हो सकता है, वह है परोपकार । भूखों को अन्न, नंगों को वस्त्र, रोगियों को दवा, अनाथों को घर-द्वार, लंगड़ों और अन्य अपाहिजों के लिए आराम के साधन, छात्रों के लिए पाठशालाएँ इत्यादि वस्तुएँ धन के द्वारा जुटाई जा सकती हैं । धन रहने के कारण एक अमीर आदमी को लोगों की भलाई करने के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं, जो कि एक गरीब आदमी को उपलब्ध नहीं है, चाहे वह कितना भी इच्छुक क्यों न हो । पर संसार में ऐसे अमीर आदमी बहुत ही कम हैं, जो अपना भोग विलास त्यागकर अपने धन को परोपकार में लगाते हैं ।

**अथवा**

पाँच दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए ।

48) निम्न के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

a) In ancient days there was a king named Kundameer.
ಪ್ರಾಚೀನ ಕಾಲದಲ್ಲಿ ಕುಂದಮೀರನೆಂಬ ರಾಜನಿದ್ದನು.

b) By the grace of God he was blessed with a son in his old age.
ದೇವರ ದಯೆಯಿಂದ ಮುದಿತನದಲ್ಲಿ ಅವನಿಗೆ ಒಬ್ಬ ಮಗ ಹುಟ್ಟಿದನು.

c) On account of his beauty, the king named him 'Ajib'.
ಆತನ ಸೌಂದರ್ಯವನ್ನು ಕಂಡು ರಾಜನು ಅವನಿಗೆ ಅಜೀಬನೆಂದು ಹೆಸರಿಟ್ಟನು.

d) The priests taught him the principles of religion.
ಪುರೋಹಿತರು ಅವನಿಗೆ ಧರ್ಮ-ಸಿದ್ಧಾಂತಗಳನ್ನು ಕಲಿಸಿದರು.

e) Ajib developed the talents of a good orator.
ಅಜೀಬನು ಭಾಷಣ ಕಲೆಯಲ್ಲಿ ಒಳ್ಳೆಯ ಸಮರ್ಥನಾದನು.

VII. अ) निम्न के पद परिचय दीजिए : 1 × 3 = 3

49) राम अपना काम करता है ।

आ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए : 4 × 1 = 4

50) शासन, हार, भय, पसंद ।

इ) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग को अलग कर लिखिए : 3 × 1 = 3

51) अभिमान, संयोग, निर्विकार ।